# BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME

## Term-End Examination

## December, 2018

## ELECTIVE COURSE : COMMERCE
## ECO-014 : ACCOUNTANCY-II

*Time : 2 hours* *Maximum Marks : 50*
*Weightage : 70%*

---

***Note :*** *Attempt **any four** questions including question no. **1** which is **compulsory**.*

---

**1.** Attempt **any two** of the following questions. 7, 7

(a) State the rights of a hire vendor in case of default by the hirer in payment of instalments.

11053

(b) Explain the rule of Garner Vs. Murray with an example.

(c) Show how unrealised profit in case of Departmental Accounts is worked out and accounted for.

(d) What do you mean by debentures issued as a collateral security ? Describe their accounting treatment.

2. On December 31, 2014, the Trial Balance of the Lucknow branch stood as follows : 12

| | Debit ₹ | Credit ₹ |
|---|---|---|
| Stock on Jan. 1, 2014 | 1,20,000 | |
| Furniture | 48,000 | |
| Debtors | 1,12,000 | |
| Goods received from Head Office | 3,20,000 | |
| Salary and other expenses | 44,000 | |
| Cash in hand | 36,000 | |
| Head Office A/c | - | 2,20,000 |
| Sales | - | 4,56,000 |
| Sundry Creditors | - | 4,000 |
| | 6,80,000 | 6,80,000 |

Stock on December 31, 2014 was ₹ 92,000.

Prepare Memorandum Branch Trading and Profit and Loss A/c, and pass the necessary journal entries to incorporate the Kanpur branch balances in books of the head office.

3. A and B are partners sharing profits and losses in the ratio of 2 : 1. It is agreed that A should retire and his son G should join the firm and be entitled to 1/3rd profits of the firm. The balances in the books of A and B were as follows : 12

| | ₹ | | ₹ |
|---|---|---|---|
| Creditors | 80,000 | Land & Bldgs | 5,00,000 |
| Bank Over draft | 1,30,000 | Furniture | 70,000 |
| Capital | | Stock | 90,000 |
| A | 3,80,000 | Debtors | 1,20,000 |
| B | 1,90,000 | | |
| | 7,80,000 | | 7,80,000 |

For the purpose of A's retirement and G's admission the assets of the firm were revalued as land and Bldgs ₹ 6,50,000;
Furniture ₹ 55,000; Stock ₹ 85,000; and Debtors ₹ 1,00,000. Other terms agreed were that enough money should be introduced to enable A to be paid out and leave ₹ 50,000 for working capital after paying off bank overdraft, and that B and G should respectively provide such sums as would make their capitals proportionate to their shares of profit. A agreed to make his son a gift by transfer from his capital account of half the amount which G had to provide.
Prepare Revaluation A/c, Partners' Capital accounts and new Balance sheet of the firm.

**4.** (a) How do independent branches deal with 'goods in transit' and 'cash in transit' in their books of account. **4, 8**

(b) Explain the purpose of calculating the following ratios, and show with examples as to how will these be computed :

(i) Return on Capital Employed
(ii) Stock Turnover Ratio

**5.** (a) Z Ltd. purchased a machine on hire purchase from Y Ltd. on January 1, 2012 paying ₹ 32,000 cash down and agreeing to pay three annual instalments of ₹ 32,000 each on December 31 every year. The cash price was ₹ 1,19,200. **6, 6**
Compute the amount of interest included in each instalment, and prepare Hire Vendors A/c (Y Ltd.) in the books of Z Ltd.

(b) Explain briefly the uses of Fund Flow statement.

6. (a) Explain briefly the procedure of forfeiting shares for nonpayment calls. 6, 6

(b) S, who holds 100 shares of ₹ 10 each in Z Ltd. had paid only application money of ₹ 2 per share. The amount called on allotment was ₹ 3 per share. T, who holds 150 shares of the company, failed to pay the first call of ₹ 3 per share and so also the second and final call of ₹ 2 per share.

All the above shares were forfeited after the second and final call has been made, and were subsequently reissued for ₹ 7 per share as fully paid.

Give the necessary journal entries in the books of the company.

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम
# सत्रांत परीक्षा
# दिसंबर, 2018
# ऐच्छिक पाठ्यक्रम : वाणिज्य
# ई.सी.ओ.-014 : लेखाविधि-II

*समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 50*

*कुल का : 70%*

**नोट :** ***किन्हीं चार*** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए जिनमें प्रश्न संख्या* **1** *शामिल हो क्योंकि यह* ***अनिवार्य*** *है।*

1. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 7, 7

(a) अवक्रेता द्वारा किश्तों के भुगतान में चूक हो जाने पर विक्रेता को प्राप्त होने वाले अधिकारों का उल्लेख कीजिए।

(b) गार्नर बनाम मरे नियम की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए।

(c) यह बताइए कि विभागीय लेखा के अंतर्गत अप्राप्त लाभ की राशि कैसे ज्ञात की जाती है तथा इस का लेखा किस प्रकार किया जाता है?

(d) समर्थक ऋणाधार के रूप में निर्गमित ऋणपत्रों से क्या तात्पर्य है? इन के लेखांकन की विधि का वर्णन कीजिए।

2. 31 दिसंबर, 2014 को लखनऊ ब्रांच का तलपट निम्नलिखित था : **12**

| | डेबिट | क्रेडिट |
|---|---|---|
| | ₹ | ₹ |
| जनवरी 1, 2014 की स्टॉक | 1,20,000 | |
| फर्नीचर | 48,000 | |
| देनदार | 1,12,000 | |
| मुख्य कार्यालय से प्राप्त हुआ माल | 3,20,000 | |
| वेतन व अन्य व्यय | 44,000 | |
| हस्तगत रोकड़ | 36,000 | |
| मुख्य कार्यालय खाता | - | 2,20,000 |
| विक्रय | - | 4,56,000 |
| विविध लेनदार | - | 4,000 |
| | 6,80,000 | 6,80,000 |

31 दिसंबर, 2014 को स्टॉक ₹ 92,000 था। मेमोरेंडम ब्रांच व्यापार एवं लाभ-हानि खाता बनाइए तथा कानपुर ब्रांच के शेषों को मुख्य कार्यालय की पुस्तकों में समावेशित करने के लिए आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

3. A तथा B साझेदार हैं जो 2 : 1 के अनुपात में लाभ–हानि विभाजित करते हैं। यह निश्चित हुआ कि A अवकाश ग्रहण करे और उसका पुत्र G, B के साथ साझेदारी में प्रवेश करे तथा लाभ–हानि विभाजन में उसका हिस्सा 1/3 हो। A तथा B की पुस्तकों में निम्नलिखित शेष थे : 12

| | ₹ | | ₹ |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 80,000 | जमीन व भवन | 5,00,000 |
| बैंक ओवर ड्राफ्ट | 1,30,000 | फर्नीचर | 70,000 |
| पूंजी | | स्टॉक | 90,000 |
| A | 3,80,000 | देनदार | 1,20,000 |
| B | 1,90,000 | | |
| | 7,80,000 | | 7,80,000 |

A के अवकाश तथा G के प्रवेश के उद्देश्य से फर्म की संपत्तियों का पुनर्मूल्यांकन इस प्रकार किया गया : जमीन व भवन ₹ 6,50,000; फर्नीचर ₹ 55,000; स्टॉक ₹ 85,000; तथा देनदार ₹ 1,00,000 यह भी तय हुआ कि फर्म में इतनी पूँजी और लाई जाए जिससे कि बैंक ओवरड्राफ्ट एवं A को भुगतान करने के बाद फर्म में ₹ 50,000 कार्यशील पूँजी के लिए बच जाएँ, तथा B एवं G क्रमशः इतनी और राशि लाएँ जिससे उनकी पूँजी उनके लाभ विभाजन के अनुपात में हो जाए। G को जितनी पूँजी लानी थी उसका आधा हिस्सा उसके पिता A ने अपने पूँजी खाते से अंतरित कर दिया।

फर्म की पुस्तकों में पुनर्मूल्यांकन खाता साझेदारों के पूँजी खाते तथा फर्म की नयी बैलंस शीट बनाइए।

4. (a) स्वतंत्र ब्रांचें 'मार्गस्थ माल' तथा 'मार्गस्थ रोकड़' का अपनी पुस्तकों में किस प्रकार लेखा करती हैं? 4, 8

(b) निम्नलिखित अनुपातों के आकलन के उद्देश्यों की व्याख्या कीजिए, तथा उदाहरण सहित उनके आकलन की विधि बताइए :

(i) निवेशित पूँजी पर आय

(ii) स्टॉक आवर्त अनुपात

5. (a) Z लि. ने 1 जनवरी, 2012 को Y लि. से ₹ 32,000 तुरन्त देकर एक मशीन अवक्रय पर खरीदी तथा ₹ 32,000 की तीन वार्षिक किश्तें प्रति वर्ष 31 दिसंबर को भुगतान करने का समझौता किया। मशीन का नकद मूल्य ₹ 1,19,200 था। प्रत्येक किश्त में शामिल ब्याज की राशि की गणना कीजिए, तथा Z की पुस्तकों में अवक्रय विक्रेता (Y लि.) का खाता बनाइए। **6, 6**

(b) कोष प्रवाह विवरण की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

6. (a) मांगों (calls) का भुगतान न किए जाने पर शेयरों के जब्त किए जाने की प्रक्रिया की संक्षेप में व्याख्या कीजिए। **6, 6**

(b) S के पास Z लि. के ₹ 10 प्रति शेयर वाले 100 शेयर हैं जिनपर उसने केवल ₹ 2 प्रति शेयर आवेदन राशि का भुगतान किया था। आवंटन पर ₹ 3 प्रति शेयर की मांग की गयी थी। T, जिसके पास कंपनी के 150 शेयर हैं, ₹ 3 प्रति शेयर की पहली मांग तथा ₹ 2 प्रति शेयर की दूसरी व अंतिम मांग का भुगतान नहीं किया।

उपर्युक्त सभी शेयर दूसरी व अंतिम मांग के बाद जब्त कर लिए गए। बाद में उन्हें ₹ 7 प्रति शेयर के हिसाब से पूर्णदत्त पुनः निर्गमित किया गया।

कंपनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

---